कार्यालय प्राचार्य
एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग
जिला – महासमुंद (छ0 ग0) – 493445
School Code – 17306 | Affiliation No. 3320277
UDISE Code – 22121111805 | Ph – 7723296113

Office of the Principal
Eklavya Model Residential School Bhoring
Mahasamund Chhattisgarh – 493445
E-Mail – emrsbhoring@gmail.com
Website – www.emrsmahasamund.com

EMRS/2026-27/S.No./73

Dated: 10th Aug, 2026

## शिक्षण सत्र 2026–27 हेतु
## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग में स्टॉफ नर्स पद के लिए
## चल साक्षात्कार (वाक–इन–इन्टरव्यू)

जिला महासमुन्द अंतर्गत संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग में शिक्षण सत्र 2026–27 हेतु शासन द्वारा निर्धारित मानदेय वैकल्पिक व्यवस्था के तहत् अस्थायी रूप से **स्टॉफ नर्स** पद के लिए निर्धारित योग्यता रखने वाले अभ्यर्थियों से चल साक्षात्कार (वाक–इन–इन्टरव्यू) के माध्यम से पूर्ति किया जाना है।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय हेतु रिक्त पद का विवरण निम्नानुसार हैः–

| क्रं | पद का विवरण | पद संख्या | संस्था का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | Staff Nurse | 01 | एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग |

उपरोक्त पद के लिए शैक्षणिक योग्यता, नियम व शर्तें आवेदन का प्रारूप एंव विस्तृत जानकारी संबंधित कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास महासमुन्द के सूचना पटल पर तथा विद्यालय के वेबसाइट **(www.emrsmahasamund.in)** में अवलोकन किया जा सकता है।

**एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में स्टॉफ नर्स पद के लिए चल साक्षात्कार (वाक–इन–इन्टरव्यू) तिथि एंव आवश्यक शैक्षणिक योग्यता, नियम व शर्तें**

1. संस्था / स्थान / तिथि / समयः–

| क्रं | संस्था का नाम | पद का विवरण | चल साक्षात्कार (वाक–इन–इन्टरव्यू) तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग | Staff Nurse | 17/08/2026 | प्रातः 10:00 से सायं 04:00 तक |

Staff Nurse का पारिश्रमिक / मानदेय

| क्रं | पद का विवरण | पारिश्रमक / मानदेय |
|---|---|---|
| 1 | Staff Nurse | Nests द्वारा निर्धारित पूर्ण योग्यता होने पर 29200 रू प्रतिमाह |

# पद के लिये अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता

राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति नई दिल्ली के सूचना कमांक NESTS/H-1/124/NESTS-Guidelines/2025-26 दिनांक 26/08/2025 में स्टॉफ नर्स पद के लिये विवरण निम्न है

| | |
|---|---|
| **Staff Nurse** | **1. B.Sc. (Hons.) in Nursing from a recognized University / Institute.**<br>**OR**<br>**Regular course in B.Sc. Nursing from a recognized University / Institute.**<br>**OR**<br>**Post Basic B.Sc. Nursing from a recognized University / Institute.**<br>**2. Registered as a Nurse or Nurse Mid-wife (RN or RM) with any State Nursing Council.**<br>**3. Two and Half years' experience in minimum 50 bedded Hospital after acquiring (1) above.** |

**महिला स्टाफ नर्स द्‌वारा किए जाने वाले कर्तव्य :-**

1. स्टाफ नर्स EMRS के प्राथमिक उपचार कक्ष एवं बीमार कक्ष की प्रभारी होगी तथा उसके रख-रखाव की देखभाल करेगी।
2. वह विद्‌यालय में चिकित्सा अधिकारी के भ्रमण के दौरान उनकी सहायता करेगी तथा रोगियों के उपचार के संबंध में उनके द्‌वारा दिए गए निर्देशों का पालन करेगी, यदि कोई हो।
3. वह बीमार होने वाले सभी बच्चों तथा उन्हें दिए गए उपचार, यदि कोई हो, का रिकॉर्ड रखेगी। इसके अतिरिक्त, वह छात्राओं के स्वास्थ्य रिकॉर्ड, जिसमें मासिक धर्म चक्र भी शामिल है, की देखरेख करेगी।
4. यदि किसी बच्चे को विशेष चिकित्सा उपचार की आवश्यकता होती है, तो स्टाफ नर्स तत्काल प्रधानाचार्य एवं हाउस मास्टर को सूचित करेगी। वह बीमार छात्रों को अस्पताल ले जाएगी।
5. स्टाफ नर्स EMRS के बच्चों/कर्मचारियों के लिए खरीदी गई एवं दी गई दवाइयों का रिकॉर्ड रखेगी। इस उद्‌देश्य के लिए उसके द्‌वारा दवाइयों की खरीद एवं वितरण का विवरण दर्शाने वाली एक रजिस्टर का रख-रखाव किया जाएगा, जिस पर प्रधानाचार्य द्‌वारा कम से कम पंद्रह दिनों में एक बार प्रति-हस्ताक्षर किए जाएंगे।
6. स्टाफ नर्स प्रतिदिन विद्‌यालय के मेस का भी निरीक्षण करेगी तथा मेस कर्मचारियों को उचित स्वच्छता की स्थिति बनाए रखने के लिए मार्गदर्शन देगी और भोजन कक्ष एवं छात्रावासों में स्वच्छता बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश देगी तथा बीमार छात्रों के मामले में उपयुक्त आहार संबंधी निर्देश देगी।
7. वह विद्‌यालय की मेस समिति की पदेन सदस्य होगी।
8. छात्रों का नियमित रूप से रोटेशन के आधार पर स्वास्थ्य परीक्षण करवाने की व्यवस्था करेगी।
9. पूरे EMRS परिसर में साफ-सफाई का ध्यान रखना।
10. वह आवश्यक प्राथमिक उपचार सामग्री के साथ एक नियमित क्लिनिक (चिकित्सा निरीक्षण कक्ष) का रख-रखाव करेगी।

11. वह प्रतिदिन छात्रावासों का दौरा करेगी तथा शौचालय क्षेत्रों सहित छात्रावासों की साफ-सफाई एवं स्वच्छता की स्थिति के संबंध में प्रधानाचार्य को रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।
12. छात्रों को परोसने से पहले हर समय भोजन की जाँच करना।
13. चिकित्सा निरीक्षण कक्ष में कम से कम दो बिस्तरों की व्यवस्था करना। आवश्यकता पड़ने पर बीमार छात्रों को विशेष भोजन देने की अनुशंसा करना।
14. वह प्रधानाचार्य द्वारा सौंपे गए किसी भी अन्य कर्तव्य का निर्वहन करेगी।

10/07/26

प्राचार्य
एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय
भोरिंग,जिला–महासमुन्द(छ.ग.)